सार-समाचार

चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्पसंस्कृति सप्ताहके अंतर्गत सोमवार को करौली रोड स्थित रामद्वारा परिसर के माधव विधा मंदिर में चतुर्थ कार्यक्रमचित्रकला प्रतियोगिताआयोजित की गई। प्रतियोगिता में कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महिला सहभागिता गतिविधि संयोजिका वंदना शर्मा ने बताया कि परिषद् प्रतिवर्ष संस्कृति सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों की सृजनशीलता, आत्मविश्वास, एकाठाता और कल्पनाशक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध सांस्कृतिक व शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करती है। साथ ही, महिलाओं व छात्राओं के लिए भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम तथागुड टच-बैड टचजैसी गतिविधियां भी परिषद् द्वारा कराई जाती हैं। संस्कृति सप्ताह प्रभारी आरती बिंदल ने जानकारी दी कि इस वर्ष 30 अगस्त से आरंभ हुए कार्यक्रमों में अब तक सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ, गौ अष्टमी पर गौ पूजन औरकबाड़ से जुगाड़प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 9 सितम्बर कोविचित्र वेशभूषा (फैंसी ड्रेस)प्रतियोगिता होगी, वहीं आगे चलकर नेत्र व दंत जांच शिविर, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हीमोग्लोबिन जांच और सफाई जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हेमलता गुप्ता ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 3 से 5) और वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 6 से 8) के विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। वरिष्ठ वर्ग में कुश धाकड़, संयोग धाकड़, बालमुकंद, सैफी धाकड़ और नकुल जांगिड़ जबकि कनिष्ठ वर्ग में पलक महावर, निशांत, पुष्कर महावर, लवी और वैष्णवी को श्रेष्ठता पुरस्कार दिए गए। सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार आरती बिंदल और मिथलेश गुप्ता द्वारा प्रदान किए गए। शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने कहा कि परिषद् सदस्यों और मातृशक्ति के सहयोग सेसंस्कृति सप्ताहके सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक और भव्यता के साथ सम्पन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रभारी मोना ऐरन भी मौजूद रहीं।

बागोर ने धुरसी को 2-0 से हराया

गुढ़ाचंद्रजी, (निसं)। गुढ़ाचंद्रजी गायत्री पब्लिक स्कूल में सोमवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक प्रथम समूह की खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बागोर (नादोती) ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धुरसी को 2-0 से हराया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे करौली विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह गुर्जर ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ी अनुशासन में खेलो में अपना बेहतर प्रदर्शन कर देश विदेश तक नाम रोशन करता है। अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा करौली इंद्रेश तिवारी ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी को खेलों में भी भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से शरीर स्वस्थ रहता है। खिलाड़ी खेलों से भाईचारा, अनुशासन, देश भावना व निडरता सीखता है। संयोजक जनक सिंह बैंसला व शारीरिक शिक्षक प्रियकांत बेनीवाल ने जानकारी दी कि इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीणा , शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, पी ई ई ओ एवं प्रधानाचार्य सतीश जैन , ब्लॉक भाजपा अध्यक्ष नादोती सुमरन सिंह खटाना, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष करण फूल मीना, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य रोसी हेमराज मीणा भामाशाह लखीराम मीणा , हरि सुमरन सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रामविलास चेतीबाल व निरंजन गिरी ने बताया प्रतियोगिता में कुल 52 टीमों के 372 खिलाड़ी जिले भर से इस महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता 8 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियकांत बेनीवाल ने किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पट पर दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन घोषणा की । स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम के दौरान विजय बहादुर सिंह , चेतीवाल , निरंजन गिरी, नितिन सिंह जसवंत , देवेंद्र सिंह ,यतींद्र सिंह, प्रताप सिंह अंजू खीचड राम लखन मीणा, वीर बहादुर सिंह आदि ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया।

पुष्पांजलि सभा आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश मित्तल की 33वीं पुण्यतिथि पर सोमवार प्रातः करौली रोड स्थित लोहिया की बगीची में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के सामाजिक, व्यावसायिक, औद्योगिक वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों और परिजनों ने भाग लिया। हिण्डौन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन व स्व. मित्तल के पुत्र अजय मित्तल ने बताया कि सभा में उपस्थित लोगों ने स्व. मित्तल के राजनैतिक जीवन में हिण्डौन की जनता के हित में किए गए निष्ठापूर्ण कार्यों, सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलकर कर्तव्य पालन, मानवीय कार्यों और शहर के विकास के लिए उनके संघर्षों को याद किया। वक्ताओं ने उनके द्वारा राज्य सरकार, प्रशासन और पुलिस महकमे से आमजन को राहत दिलाने तथा शहर के विकास के लिए किए गए अनवरत प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मित्तल की कमी आज भी हिण्डौन को खलती है। पुष्पांजलि सभा में भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, पूर्व अध्यक्ष गिर्राज मित्तल, सत्येंद्र चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लज्जारानी अग्रवाल, मोहन लाल अग्रवाल, अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, आरएसएस से अर्जुन गेरा, धर्मेंद्र गेरा, पत्रकार दीनदयाल सारस्वत, अंशु गुप्ता, अल्लानूर, पुरुषोत्तम मास्टर, अपनाघर आश्रम से युनुस खां, भारत विकास परिषद् शाखा हिण्डौन से देवेंद्र शर्मा, पंकज जैन, अशोक गर्ग, दीनदयाल सिंघल, हुकम सिंह गुर्जर, सुनील अग्रवाल, शाखा विवेकानंद से डॉ. आनंद अग्रवाल, सोंटू गोयल, राजीव चतुर्वेदी, पंकज जिंदल, सुनील जादौन, ओकी गुप्ता, कपिल दत्तात्रेय, सिद्धार्थ सहित स्व. मित्तल के परिजन सुरेंद्र मोहन मित्तल, देवेंद्र मित्तल, विजय मित्तल, प्रवीण मित्तल, प्रदीप मित्तल, मोहित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

संजीव अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने

रूपवास, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति की आम सभा की बैठक का आयोजन सिरसौदा रोड स्थित गोयल रिसोर्ट में नरेंद्र सिंघल गुड्डू के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षाविद भगवानदास कंसल ने की। मीडिया प्रभारी विनोद मंगल ने बताया कि बैठक के दौरान सभी समाज के सदस्यों ने समाजसेवी संजीव गुप्ता को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। वहीं युवा अध्यक्ष रोहित गोयल पुत्र सुभाष गोयल को मनोनीत किया गया। बैठक की शुरुआत में महाराजा अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकालने, सरकारी सेवाओं में चयनित व उच्च अंक वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने की बात कही गई। इसके बाद सभी लोगों ने संजीव गुप्ता का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर हेमो गोयल,अनूप गोयल, लतेश, हरिश्चंद, राकेश सिंघल, राकेश गर्ग,रॉकी सेठ मौजूद रहे।

बैठक में समाज सुधार पर हुआ मंथन

रूपवास, (निसं)। रूपवास शहर में राजपूत समाज की बैठक जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह पना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज में फैली मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, नशाखोरी एवं शादी-विवाहों में होने वाली फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह ने कहा कि शानो-शौकत और नासमझी के चलते समाज के लोग कर्ज के बोझ तले दबे रहते हैं। ऐसे में सभी को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष गीतम सिंह परमार, गिर्राज सिंह बसई, सुरेश पप्पू राजावत और राजेश जादौन मौजूद रहे।

चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम जारी

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने सितम्बर के लिये रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि 09 सितम्बर मंगलवार को सांय 6.30 बजे से करौली पंचायत समिति की ठाम पंचायत सैमरदा, 17 सितम्बर बुधवार को सांय 6.30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ठाम पंचायत मोरडा, 23 मंगलवार सितम्बर को सांय 6.30 बजे से श्रीमहावीरजी पंचायत समिति की ठाम पंचायत इरनिया, 26 सितम्बर शुक्रवार को सांय 6.30 बजे से नादौती पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कैमला में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याएं सुनी जायेंगी।

'सम्पर्क पोर्टल पर परिवादों का समयावधि से करें निस्तारण'

■ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि 27 सितम्बर से शुरू होने वाले श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला के सफल आयोजन के लिए नगर निगम, बीडीए और पशुपालन विभाग अधिकारी परस्पर आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने बीडीए आयुक्त को आयोजन स्थल पर अस्थाई स्टॉल लगाने, ठोवल डालने एवं वर्षा जल निकासी के लिए आवष्यक दिषा-निर्देश प्रदान किये। जसवंत प्रदर्षनी संदर्भ में आने वाली समस्याओं को समय पर ही एडीएम प्रशासन को अवगत करायें जिससे शीघ्र निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि षिक्षा एवं आईसीडीएस अधिकारी अपने बरसात से ब, लीकेज, जर्जर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति जांच कर सूची 3 दिवस में भेजें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसंम्पत्तियों की सूची प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भेजें ताकि आवश्यक बजट आवंटन करवाकर उनकी मम्मरत करवाई जा सके।उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय कार्यालयों में सभी तरह के कार्य ई-फाईलिंग के जरिए ही सम्पादित किए जाएं, सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें की कोई भी कार्य ऑफलाइन संपादित नहीं हो। उन्होंने विभागवार राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले परिवादों का समयावधि से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक समस्या का अध्ययन कर परिवादी को वास्तविक रूप से समस्या निराकरण के साथ जबाव भिजवाया जाए। उन्होंने 30 दिवस से अधिक लम्बित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी निस्तारित समस्याओं के संतुष्टि लेवल के नियमित रूप से जांच कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने निर्देष दिये कि आगामी 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान एवं गावों चलो अभियान के अन्तर्गत षिवरों में अद्धर्घुमंतु एवं भूमिहीन परिवारों को पट्टा वितरण करते हुये लाभान्वित करें। उन्होंने दोनों अभियानों की सघन मॉनिटरिंग करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब निर्माण, भंडारण, विक्रय में लिप्त समुदायों-परिवारों की सूची उपलब्ध करवायें जिससे उनके सामाजिक शैक्षिणक एवं अर्थिक रूप से विकास तथा पुनर्वास और मूलभूत सुविधाऐं प्रदान कि जा सके। उन्होंने जिला षिक्षा अधिकारी को स्पोर्ट्स स्कूल के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन अधिषाषी अभियंता को निर्देश दिये कि बरसात में भरतपुर शहर की ऐतिहासिक एवं वर्तमान स्थिति में नालों, नहरों, तालाबों को ध्यान में रखतें हुए ड्रेनेज सिस्टम पर मैपिंग बनाकर प्लानिंग तैयार करें।

उन्होंने कहा कि आमजन को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का लाभ धरातल पर मिले इसके लिए संबंधित अधिकारी समन्वय और टीम भावना से कार्य करें। सभी अधिकारी बजट घोषणा, सांसद, विधायक संबंधित भूमि आवंटन संदर्भ में अपने आवश्यक दस्तावेज भेजना सुनिश्चित करें। विभागीय बजट घोषणाओं में प्रगति लाने के संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करें।

बाल श्रम रोकथाम टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा जिला कलक्टर ने बाल श्रम रोकथाम टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा करते हुए जिला षिक्षा अधिकारी को निर्देष दिए कि 30 दिवस से अधिक अनुपस्थित रहने वाले ड्रॉपआउट बच्चों की सूची प्राद्यानाचार्य के माध्यम से श्रम विभाग को भिजवाना सुनिष्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देष दिए कि बालक और कुमार श्रम पुनर्वास निधि में न्यायालयों के माध्यम से दोषी नियोजकों से न्यायालय निर्णय के उपरान्त जुर्माना वसूल कर सम्बन्धित बालक के खाते में जमा करायें। उन्होंने कहा कि जिले में बाल श्रम रोकथाम के लिए पुलिस, चाईल्ड लाईन, श्रम विभाग के सम्बन्धित अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करें।

इस अवसर पर बीडीए आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रषासन धनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजा राम, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत रामहेत मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर, श्रम कल्याण अधिकारी मनोज मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विश्व साक्षरता दिवस मनाया

करौली, (निसं)। सोमवार को 59वा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह राउमावि करौली में आयोजित किया गया,कार्यक्रम में इंदु जाटव पूर्व प्रधान मुख्य अतिथि रही,विशिष्ट अतिथि करौली मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीना ,पुष्पेंद्र शर्मा डीईओ एलिमेंट्री , इंद्रेश तिवाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक करौली,महेश बाबू गुप्ता डाइट प्राचार्य विशिष्ट अतिथि ,रामोतार मीना डीएलसीओ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की,हरकेश मीना आरपी सीबीईओ करौली,अशोक कुमार मीना सहायक परियोजना अधिकारी,गिरधारी नामा महामंत्री शिक्षक संघ राष्ट्रीय, विजय कुमार कार्यवाहक प्राचार्य, गंगाराम प्रजापत, मुरारीलाल जाटव, रामकेश मीना,गणपत मीना ब्लॉक कॉर्डिनेटर विमलेश मीना, मुकेश स्वयं सेवक का प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर स्वागत किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीना ने बताया कि धार्मिक करौली जिले को हम उच्च स्तर पर पहुंचना है।

'मेले में श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े'

करौली, (निसं) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि जिले मे कैलादेवी जी का आश्विन मास शारदीय नवरात्रा पवित्र पर्व 22 सितम्बर से प्रारंभ होकर 1 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान कैलादेवी में मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी मेला संबंधी व्यवस्थाओं एवं सौंपे गई जिम्मेदारियों को सक्रिय रहकर समन्वयता स्थापित करते हुए निर्धारित समयावधि से पूर्व ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नही करना पडे। जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कैलादेवी मेला से सम्बन्धित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मेले से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को तय की गई कार्ययोजना के साथ पूर्ण करें जिससे मेले में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो। जिला कलक्टर ने मेले के दौरान पार्किंग स्थल चिन्हित करने, साईन बोर्ड लगाने, साफ सफाई दुरूस्त रखने, मोबाईल टॉयलेट की पूर्ण व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक मे विद्युत विभाग के अधिकारी को ढीले तारों को टाईट करने एवं क्षतिग्रस्त विद्युत खंभो को बदलने, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता को मेले के दौरान आवश्यकता अनुसार पेयजल व्यवस्था रखने, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को मेले से पूर्व सडक के आस पास अतिक्रमण को हटाने, आरएसआरटीसी के अधिकारी को मेले के दौरान चालकों को सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के निर्देश देने, परिवहन अधिकारी को वाहनों की फिटनेस जॉचने एवं लाईसेंस जारी करने, मुख्य कार्यकारी अधिकारी को साफ-सफाई के संबंध में मेले के दौरान समय-समय पर निरीक्षण करने, सीएमएचओ को चिकित्सा व्यवस्था एवं दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, एंबुलेंस, जीवन रक्षक उपकरण, जीवन रक्षक दवाओं की समुचित व्यवस्था रखने सहित फॉगिंग करवाने के आदेश प्रदान किये जिससे वर्षा के बाद मौसमी बीमारी को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कालिसिल नदी के घाटों की साफ सफाई रखने, गोताखोरां की पर्याप्त व्यवस्था रखने, फायरबिठोड की व्यवस्था करने, बेसहारा पशु मेले में नजर नहीं आएं इसके लिए पशुपालन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बेसहारा पशुओं के लिए गौशाला आदि में अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेला अवधि के दौरान अवैध एवं ओवरलोडिग वाहनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये।

समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित

■ 'अभियान के संबंध में प्राप्त निर्देशों की सुनिश्चित करें अक्षरशः अनुपालना'

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक हुई।

जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव चलो, शहर चलो एवं सहकारिता अभियान के संबंध में प्राप्त निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाए। प्रभावितों को फसल खराबा एवं आपदा से संबंधित मुआवजा राशि एसडीआरएफ मानकों के अनुसार प्रदान कर निर्धारित समय में राहत प्रदान की जाए। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक पर शत-प्रतिशत कार्यवाही कर नियमित रूप से डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राज.संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चौपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के लिए कहा। बारिश के दौरान शहरी व ठामीण क्षेत्र में जल भराव संबंधी समस्याओं का निस्तारण, जल भराव क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता और आवश्यक सेवाओं को सुचारू रखने के साथ-साथ प्रभावित लोगों को पेयजल व खाद्य सामठी सहित जरूरी वस्तुओं की कमी नही होने देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसकी फील्ड भ्रमण कर प्रभावी मॉनिटरिंग के आदेश भी प्रदान किये। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित किये जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी एवं एडवायजरी आमजन तक पहुंचाने के लिए कहा।

बजाज अध्यक्ष अध्यक्ष निर्वाचित

करौली, (निसं)। करौली अग्रवाल समाज के संपन्न हुए चुनाव में श्यामलाल बजाज ने निकटतम प्रतिद्वंदी को नो मतों से हराकर जीत हासिल की। करौली अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पद सहित 6 ट्रस्टी और 20 कार्यकारिणी सदस्य पद के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए जिसमें रात भर चली मतगणना के बाद सोमवार प्रात 4बजे अध्यक्ष पद पर श्याम बजाज ने 9 मतों से जीत हासिल कर ली। अग्रवाल समाज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र भगत, सहायक निर्वाचन अधिकारी विशंभर दयाल बंसल एवं अरविंद गुप्ता ने बताया कि रविवार को दिनभर प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान हुआ रात्रि 8बजे से मतगणना का कार्य शुरू हुआ जो सोमवार को प्रातः 4बजे तक चला उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिनमें श्याम बजाज को 716 एवं दिसंबर गुप्ता को 707 मत प्राप्त हुए।

'शिक्षा अधिकारों के प्रति सजग व आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाती है'

■ 15 उत्कृष्ट कार्य करने वाले लर्नर व स्वयंसेवी शिक्षकों का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। 59 वें विश्व साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में 15 उत्कृष्ट कार्य करने पर लर्नर एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

समारोह में जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई की भूमिका निरंतर विकसित हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान आगे बढ़ रहा है, एआई तकनीकें और भी परिष्कृत होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षिणक समुदाय के सभी हितधारकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक-आधारित शिक्षा के उचित समावेश के साथ एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। इससे शिक्षार्थियों को अधिक लचीलेपन के साथ आवश्यक कौशल प्राप्त करने, समझने और जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि साक्षरता की ताकत किसी भी घर, परिवार और समाज के साथ सम्पूर्ण देश को प्रगति की ओर ले जाती है, साक्षरता ना केवल लोगों को बेहतर जीवन देती है, बल्कि सामाजिक कुरूतियों को दूर करने का जरिया बनती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लेने, लाभान्वित होने के लिए साक्षर होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि किसान के शिक्षित होने पर आधुनिक कृषि प्रणाली जानकारी प्राप्त कर अपनी समृद्धि बढ़ा सकते हैं। उन्होंने साक्षर होने और सामाजिक एवं मानव विकास के लिए अपने अधिकारों को जानने की जरूरत के बारे में कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने पर व्यक्ति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि साक्षरता केवल अक्षर पहचानना भर नहीं है, अपितु यह जीवन को नई दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें अधिकारों के प्रति सजग बनाती है, आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाती है और समाज को समानता, प्रगति और समृद्धि की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत कभी विश्वगुरु था और आज भी यदि हमें पुनः वही गौरवशाली स्थान प्राप्त करना है तो हमें संपूर्ण साक्षरता की ओर बढ़ना होगा। जब गाँव-गाँव की महिलाएँ शिक्षित होंगी, जब हर बच्चा किताबों से जुड़ेगा और जब हर परिवार में शिक्षा की ज्योति जलेगी, तभी वास्तविक विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने आस-पास किसी भी व्यक्ति को निरक्षर नहीं रहने देंगे। हर घर साक्षर हर मन उज्ज्वल का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। डिजिटल युग में कम्प्यूटर और तकनीकी साक्षरता को भी उतना ही महत्व देंगे जितना पारंपरिक शिक्षा को देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं है, बल्कि बच्चों और युवाओं में कौशल, नवाचार और चरित्र निर्माण की भावना जगाना है।

उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि इस नीति को धरातल पर सफल बनाएँ और भरतपुर जिला राजस्थान ही नहीं, पूरे भारत के लिए साक्षरता का आदर्श बने। समारोह का संचालन अनुपमा चीमा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, जिला साक्षरता अधिकारी हरगोविन्द, अषोक धाकरे, मॉन्टेसरी स्कूल की बालिकाऐं सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

सार-समाचार

रंगोली प्रतियोगिता में दिया प्रथम

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा मेहंदी, रंगोली और एक मिनट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। समिति की अध्यक्ष पदमा अग्रवाल के अनुसार कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। मेहंदी प्रतियोगिता का संयोजन पुष्पा आर्य और सुनीता सिंगल ने किया। रंगोली प्रतियोगिता का संचालन सुमन लता और गीता ने किया। प्रश्नोत्तरी का संचालन देवल गुप्ता और सुधा गुप्ता ने किया। मेहंदी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में निकिता अग्रवाल प्रथम, नैंसी बंसल द्वितीय और खुशबू गुप्ता तृतीय रहीं। जूनियर वर्ग में छवि अग्रवाल, आयुषी गुप्ता और गुंजन अग्रवाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में दिया अग्रवाल ने प्रथम, नैनसी अग्रवाल ने द्वितीय और पायल व प्रिया अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मडना वर्ग में अंगूरी देवी, ललित अग्रवाल और पूजा व सविता अग्रवाल ने क्रमशः पहले तीन स्थान प्राप्त किए। एक मिनट प्रश्नोत्तरी में आशी अग्रवाल प्रथम, श्रुति अग्रवाल व नैंसी बंसल द्वितीय और प्रियंका बंसल तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समिति ने घोषणा की कि 11 सितंबर को म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी और कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 12 सितंबर को महिलाओं के लिए विचित्र वेशभूषा एवं नाटक मंचन का कार्यक्रम रखा गया है। 13 सितंबर को बालिकाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को कुशलगढ में श्याम खाटू बाबा की निशान यात्रा का आयोजन समस्त अग्रवाल महिलाओं की सहभागिता से किया जाएगा।

आर्य वीर दल देगा विशेष प्रशिक्षण

गंगापुर सिटी, (निसं)। आर्य वीर दल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में शनिवार को रात्रि 7.30 बजे से देवी स्टोर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित मीटिंग में विजय दशमी पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से श्री जी स्थित बजाजा ट्रस्ट मैरिज गार्डन में विजय दशमी के उपलक्ष्य में विशाल शौर्य प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां को लेकर श्री जी स्थित मुख्य शाखा में 8 सितंबर सोमवार से सायं 5.15 बजे से 7 बजे तक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राजस्थान के प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों को बुलाया गया है जो कि आर्य वीरों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देंगे जो भी युवा व विद्यार्थी प्र